# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in


पत्रांक– 4246 / सि0वि0वि0 / प0सा0 / 2023 दिनांक 28/08/2023

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य / प्राचार्या**
**सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,**
**जनपद--सिद्धार्थनगर, महराजगंज, सन्तकबीरनगर, बस्ती, श्रावस्ती व बलरामपुर।**

**विषय– आनलाइन माड्यूल पूरित करते हुए डाटा विवरण के अनुसार पारिश्रमिक भुगतान सम्बन्धी लम्बित पत्रावलियों के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के आनलाइन माड्यूल पूरित करते हुए डाटा विवरण के अनुसार पारिश्रमिक भुगतान की धनराशि विश्वविद्यालय द्वारा संम्बधित के खाते मे किया जा रहा है किन्तु कतिपय परीक्षा केन्द्रों द्वारा अभी तक आनलाइन माड्यूल पूरित करते हुए डाटा विवरण के अनुसार पारिश्रमिक भुगतान की पत्रावलियां प्रस्तुत नहीं की गयी है। केन्द्राध्यक्ष, सहा0 केन्द्राध्यक्ष, कक्ष निरीक्षक तथा महाविद्यालय सचलदल के Online examination payment module duty remuneration भुगतान की पत्रावली यदि समय से प्रस्तुत नही की जायेगी तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उस महाविद्यालय की होगी।

अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने महाविद्यालयों के केन्द्राध्यक्ष / सहा0 केन्द्राध्यक्ष / कक्ष परिप्रेक्षक / महाविद्यालय सचलदल के परीक्षा पारिश्रमिक भुगतान हेतु सम्बन्धित माड्यूल पर आनलाइन माध्यम से पूरित करते हुए भुगतान सम्बन्धी पत्रावलियां शीघ्र परीक्षा सामान्य अनुभाग में जमा कराने का कष्ट करें, जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

(2)– परीक्षा हेतु प्रस्तुत की जाने वाली पत्रावली के साथ इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है कि "प्रस्तुत देयक **प्रथम बार भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जा रहा** है।इसका पूर्व मे भुगतान विश्वविद्यालय से प्राप्त नही किया गया है। "

**इस प्रमाणपत्र के अभाव मे देयक का भुगतान किया जाना संम्भव नही हो पायेगा।**

भवदीय

28/08/23

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक– / तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. वित्त अधिकारी / कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. सहायक कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय), सिद्धार्थ वि0वि0 क0, सिद्धार्थनगर।
3. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. प्रभारी परीक्षा / कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

उपकुलसचिव(परीक्षा)